Pre-Annual Zonal Workshop of KVKs

The two days Pre-Zonal Workshop of KVKs was held during june 18-19, 2024 at Directorate of Extension, Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut. 20 Krishi Vigyan Kendra of SVPUA&T, Meerut and ICAR-IVRI, KVK participated in the workshop which was attended by 45 Scientist including KVK Heads.

कार्यशाला में विकास कार्यों का दिया प्रस्तुतिकरण

● जनवाणी संवाददाता, मोदीपुरम

सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि में मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 21 कृषि विज्ञान केंद्रों की दो दिवसीय प्री-वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति डा. केके सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि व विशेषज्ञ के रूप में डा. लाखन सिंह रहे। निदेशक प्रसार डा. पीके सिंह ने बताया कि सभी 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी वैज्ञानिक कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रत्येक केन्द्र द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। विशेषज्ञ पैनल के रूप में डा. कमल खिलाड़ी, डा. डीके सिंह, डा. केजी यादव के समक्ष प्रथम दिन 13 कृषि विज्ञान केन्द्रों ने प्रस्तुतिकरण दिया। आईवीआरआई बरेली का कृषि विज्ञान केन्द्र ने भी कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला में 50 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डा. मुकेश कुमार, डा. पीके सिंह, डा. एसके त्रिपाठी, डा. हरिओम कटियार, वीपी सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

कृषि विवि में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

मोदीपुरम : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम के उद्यान महाविद्यालय के अंतर्गत फल विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों के लिए फल वृक्षों के लिए नर्सरी प्रबंधन के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई, विभाग अध्यक्ष डा. अरविंद राणा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राकेश सेंगर, निदेशक प्लेसमेंट रहे एवं अध्यक्षता डा. विजेंद्र सिंह, अधिष्ठाता उद्यान महाविद्यालय द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 38 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। डा. अरविंद राणा एवं डा. जितेंद्र आर्य द्वारा नर्सरी, इसके महत्व एवं प्रकार आदि पर लेक्चर प्रस्तुत किए एवं छात्रों को प्रयोगात्मक रूप से भी सिखाया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. हरिओम कटियार, डा. संजय त्रिपाठी, डा. सत्य प्रकाश, डा. सुनील मलिक, डा. मुकेश कुमार, डा. विपिन कुमार का सहयोग रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र दलहन का उत्पादन बढ़ाएं

बैठक में कुलपति डॉ. केके सिंह व निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह। संवाद

मोदीपुरम। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 21 कृषि विज्ञान केंद्रों की दो दिवसीय कार्यशाला हुई। कुलपति डॉ. केके सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए बहुत उपयोगी होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. लाखन सिंह रहे। निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह ने बताया कि सभी 21 कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी अधिकारी वैज्ञानिक कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला में 50 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. पीके सिंह, डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. हरिओम कटियार, वीपी सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद